## संपादकीय

# अमन की ओर कदम

विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी के साथ भारत-पाक के बीच चला आ रहा तनाव कम होने की उम्मीद है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि वह शांति कायम करने के इरादे से अभिनंदन को भारत को सौंप रहे हैं। हालांकि इस संबंध में उन्होंने जिस तरह बयान बदले, उससे लगा कि इस फैसले के लिए उन पर काफी दबाव था। अंतरराष्ट्रीय जनमत अपनी सीमाओं की रक्षा कर रहे एक पायलट की गिरफ्तारी के खिलाफ था। अभिनंदन भारतीय सीमा में घुसे पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों का पीछा करते हुए पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे। वहां दुर्घटना में अपना विमान खो देने के बाद भी एक जांबाज सिपाही की तरह उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा। अब उनकी वापसी के फैसले के बाद दोनों देशों के रुख से लगता है कि वे युद्ध से हटकर समाधान खोजने को तैयार हैं।

भारत ने पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले से संबंधित डोजियर पाकिस्तान के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सौंप दिया है, जिसमें हमले के पाकिस्तानी सूत्रों से जुड़े सारे सबूत मौजूद हैं। इसे हम बातचीत की शुरुआत के लिए एक भूमिका के रूप में देख सकते हैं। इमरान खान पुलवामा हमले के बाद से ही कहते रहे हैं कि उन्हें हमले का पुख्ता सबूत चाहिए। अब सबूत सौंप दिए गए हैं तो उन्हें घटना के लिए जवाबदेह आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई शुरू कर देनी चाहिए। सचाई यह है कि करगिल की लड़ाई के बाद दोनों मुल्कों के बीच इतना बड़ा तनाव पहली बार ही देखने को मिला है। इस बीच संसद पर हमला और मुंबई अटैक जैसी घटनाएं हुईं लेकिन तब भी हालात इस मुकाम तक नहीं पहुंचे थे। दरअसल भारत ने अपने रुख में बड़े बदलाव का संकेत न सिर्फ पाकिस्तान को बल्कि पूरी दुनिया को दिया है।

उसने स्पष्ट कर दिया है कि एटमी युद्ध का खतरा भांपकर दहशतगर्दी को बर्दाश्त करते जाना उसकी नीति नहीं है, और अपने यहां होने वाली किसी आतंकी वारदात की जड़ पर चोट करने के लिए दूसरे देश की सीमा में घुसने से भी उसे कोई गुरेज नहीं है। अभिनंदन की गिरफ्तारी के बाद जिस तरह भारतीय सेना के तीनों अंगों ने सम्मिलित बैठक की, उससे पाकिस्तान को लगा कि दाएं-बाएं करने का कोई रास्ता उसके पास नहीं बचा है। आर्थिक बदहाली के इस दौर में वह कूटनीतिक रूप से भी घिर चुका है। यह सब देखकर वह बातचीत की पेशकश न करता तो और भला क्या करता। बहरहाल, इस पेशकश को हमें सकारात्मक रूप में देखना होगा और पाक हुक्मरानों को समझना होगा कि बातचीत अब रस्म अदायगी की तरह नहीं होगी। वार्ता के केंद्र में आतंकवाद ही होगा और पाकिस्तान सरकार को अपनी बेबसी जताने के बजाय आतंकी ढांचों की कमर तोड़नी होगी।

# रिजर्व बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक सहित चार बैंकों पर लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न निर्देशों का पालन नहीं करने को लेकर चार बैंकों-भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, देना बैंक और आईडीबीआई बैंक पर जुर्माना लगाया है। यूनियन बैंक पर तीन करोड़ रुपये, देना बैंक पर दो करोड़ रुपये और आईडीबीआई बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नियामकीय सूचना में इस बारे में जानकारी सामने आई है।

यूनियन बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि स्विफ्ट से संबंधित नियंत्रण को मजबूत करने और समय के भीतर इस पर अमल करने में देरी करने के कारण रिजर्व बैंक ने उस पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। उधर, देना बैंक ने बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि रिजर्व बैंक के 20 फरवरी, 2018 को जारी निर्देशों का पालन नहीं करने पर केन्द्रीय बैंक ने उस पर 2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक अन्य जानकारी में आईडीबीआई बैंक ने कहा कि स्विफ्ट से जुड़े परिचालन नियंत्रण को मजबूत बनाने और उसके समयबद्ध क्रियान्वयन पर जारी निर्देशों का समयबद्ध पालन नहीं करने पर रिजर्व बेंक ने उस पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

आईडीबीआई बैंक ने हालांकि, कहा कि उसने अपने आंतरिक नियंत्रण तंत्र को मजबूत करने के लिए जरूरी सुधारात्मक कदम उठाए हैं, ताकि इस तरह की चीजों की पुनरावृत्ति न हो। भारतीय स्टेट बैंक ने भी कहा कि स्विफ्ट संबंधी निर्देशों के पालन में देरी को लेकर रिजर्व बैंक ने उसके ऊपर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# भारत लगाता है ज्यादा टैक्स, हम भी वसूलेंगे:ट्रंप



**वॉशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश है। ट्रंप ने कहा कि वह दोतरफा (परस्पर अनुवर्ती या जवाबी) टैक्स चाहते हैं। कंजर्वेटिव पॉलिटिकल ऐक्शन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, भारत बहुत अधिक आयात शुल्क लगाने वाला देश है। वे हम से बहुत अधिक चार्ज लेते हैं।

2 घंटे से ज्यादा लंबे भाषण में ट्रंप ने घरेलू, वैश्विक और भारत जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय रिश्तों जैसे मुद्दों पर बात की। एक बार फिर उन्होंने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकल का उदाहरण देते हुए कहा, जब हम एक मोटरसाइकल भारत भेजते हैं तो वे 100 फीसदी टैक्स लगाते हैं और जब भारत एक मोटरसाइकल हमारे यहां भेजता है तो हम कुछ भी टैक्स नहीं लगाते। इसलिए मैं दोतरफा टैक्स चाहता हूं। मैं टैक्स लगाना चाहता हूं। इसे मिरर टैक्स कहा जाता है, लेकिन यह पारस्परिक है। इस साल की शुरुआत में वाइट हाउस के एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि वह हार्ले डेविडसन पर टैक्स को 100 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी करने के भारत के फैसले से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, यह भी पर्याप्त नहीं है, लेकिन ठीक है।

उन्होंने भारत का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह दूसरे देश अमेरिकी प्रॉडक्ट्स पर अधिक टैक्स लगाते हैं और अब अमेरिका दोतरफा टैक्स चाहता है। ट्रंप ने कहा, भारत हम पर बहुत अधिक टैक्स लगाता है। वह सौ फीसदी टैक्स लगाते हैं, मैं आप पर 100 फीसदी टैक्स नहीं लगाने जा रहा हूं, लेकिन मैं 25 फीसदी चार्ज करूंगा। इस पर सीनेट में हंगामा मच गया, क्योंकि हम 25 पर्सेंट चार्ज करेंगे। ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा कि उनके कदम का सीनेट में विरोध किया गया। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कहता हूं, वो हमें 100 फीसदी चार्ज कर रहे हैं और उसी प्रॉडक्ट के लिए मैं 25 फीसदी टैक्स चाहता हूं।

## सस्ता हुआ सोना, चांदी 1,550 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही भारी गिरावट के बीच वैवाहिक जेवराती मांग के कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 820 रुपये की तेज साप्ताहिक गिरावट के साथ एक माह के अधिक के निचले स्तर 33,770 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान सिक्का निर्माताओं के उठाव में आयी कमी और औद्योगिक मांग सुस्त पड़ने से चाँदी भी 1,550 रुपये लुढ़ककर पांच सप्ताह के निचले स्तर 39,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह लंदन का सोना हाजिर 34.15 डॉलर की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को सप्ताहांत पर 1,293.20 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मई का अमेरिकी सोना वायदा भी 29.70 डॉलर की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 1,301.00 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## सरकारी बीमा कंपनियों के 42 हजार से अधिक कर्मचारियों को पेंशन का एक और विकल्प




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के 42 हजार से अधिक कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए शनिवार को इन्हें सेवानिवृत्ति लाभ के तौर पर एक बार और पेंशन विकल्प देने का निर्णय किया है। सरकारी बीमा कंपनियों के उन अधिकारियों, कर्मचारियों को यह लाभ दिया जाएगा जिन्होंने पहली बार में पेंशन विकल्प को नहीं अपनाया था और जिन्होंने 28 जून, 1995 को अथवा इससे पहले नौकरी शुरू की थी।

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक ट्विट में कहा, 'सरकार ने 28 जून 1995 को या इससे पहले नौकरी शुरू करने वाले सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनियों के छूट गए कर्मचारियों को पेंशन सुविधा अपनाने का एक और विकल्प देने को मंजूरी दी है। इससे 10,720 वरिष्ठ नागरिकों समेत 42,720 कर्मचारियों को लाभ होगा।'

## फिंच ने हार के बावजूद गेंदबाजों के प्रदर्शन को सराहा

**हैदराबाद(आरएनएस)।** आस्ट्रेलिया के कप्तान एरॉन फिंच ने भारत के हाथों पहला एकदिवसीय क्रिकेट मैच छह विकेट से हारने के बावजूद अपने गेंदबाजों की तारीफ की है। भारत ने शनिवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। फिंच ने मैच के बाद कहा, हमारे पास 20-30 रन कम पड़ गए, खासकर एक विकेट जल्दी ही खोने के बाद हमें साझेदारी को आगे तक ले जाने की जरूरत थी। लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने विकेट लेना जारी रखा। आस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 237 रनों का लक्ष्य रखा था।

## ओके गूगल से एंड्रॉयड फोन को अनलॉक करने की सुविधा खत्म



**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल सिस्टम की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से अपने एप के नए अपडेट में वॉइस मैच और ओके गूगल कमांड से आपके फोन को अनलॉक करने की क्षमता खत्म कर रही है। सर्च इंजन एंड्रॉएड डिवाइस को अनलॉक करने की अपेक्षा वॉइस मैच अनलॉक फीचर को सिर्फ असिस्टेंट इंटरफेस को लांच करने तक सीमित कर रहा है।

मोटो जेड और पिक्सल एक्सएल डिवाइसेस पहले ही गूगल एप के 9.27 अपडेट में इस फीचर को खत्म कर चुके हैं। एंगेजेट की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, अभी फुल वॉइस अनलॉकिंग क्षमताओं वाली अन्य डिवाइसें भी गूगल के 9.31 अपडेट के साथ इस फीचर को खो देंगी। इससे पहले ओके गूगल कमांड और प्रश्न से डिवाइस संबंधित एप पर स्क्रीन अनलॉक कर देगी। गूगल ने पहले ही पिक्सल 3 और पिक्सल 3एक्सएल लांच करके उसमें अनलॉक विद वॉइस मैच फीचर को शामिल नहीं किया।

## क्रिस गेल की एक और विध्वंसक पारी, टूटे कई वर्ल्ड रेकॉर्ड



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विध्वंसक फॉर्म में चल रहे क्रिस गेल ने एक और जोरदार पारी खेली। ग्रॉस आइसलेट मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के 5वें और आखिरी वनडे मैच में 5 चौके और 9 छक्के उड़ाते हुए महज 27 गेंदों में 77 रन ठोक डाले। उनकी इस तूफानी पारी की बदौलत इंग्लैंड से मिले 114 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 12.1 ओवर में ही पा लिया। इससे पहले ओशाने थॉमस की (21 रन देकर 5 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने इंग्लैंड को 113 रनों पर ढेर कर दिया था।

**19 गेंदों में अर्धशतक** -बेहद आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम को यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर गेल ने जबरदस्त शुरुआत दी। उन्होंने पहला ओवर करने आए क्रिस वोक्स को दो चौके और एक छक्का उड़ाया। उनकी तूफानी पारी का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। 8वें ओवर की गेंद पर जब गेल को मार्कवुड ने बोल्ड किया तो विंडीज 93 रन बना चुकी थी।

**वेस्ट इंडीज की ओर से सबसे तेज पचासा** - यह वेस्ट इंडीज की ओर से लगाया गया वनडे में सबसे तेज अर्धशतक रहा।

## 3 लाख से अधिक के कैश लेनदेन पर लग सकती है रोक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** काले धन पर नकेल के लिए गठित किए गए विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सरकार के पास नई सिफारिशें की हैं। इन सिफारिशों में से सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश ये है कि मोटी रकम वाले लेनदेन पर तुरंत लगाम लगाई जाए। अगर सरकार ने इस सिफारिश पर हां कर दी तो 3 लाख रुपये से अधिक के लेनदेन पर रोक लग जाएगी। साथ ही 15 लाख रुपये से अधिक का कैश भी अपने पास नहीं रख पाएंगे। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी की सिफारिशों को लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी ने ऐलान किया था कि अगर वह सत्ता में आई तो देश-विदेश में भारतीयों के काले धन पर लगाम लगाई जाएगी।

## आज का राशिफल

मेषः- किसी भी प्रकार के संकट में न पड़ने की सलाह गणेशजी देते हैं। व्यावसायिक स्थल पर अधिकारी आपका साथ देंगे।

वृषभः- आपकी भावुकता आपको अस्वस्थ बना सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। नए कार्य का प्रारंभ आज न करें।

मिथुनः- आज आमोद-प्रमोद में अपने आपको भुला देने का दिन है। मनोरंजन प्रवृत्ति में आप खोए से रहेंगे। मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन होगा।

कर्कः- व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।

सिंहः- प्रणय-प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। क्रोध पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोग हो सकता है।

कन्याः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। सामाजिक रूप से अपमान न हो, इसका ध्यान रखें। धनहानि होने की आशंका है।

तुलाः- नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई भेंट आनंददायी रहेगी।

वृश्चिकः- निर्धारित कार्य संपन्न न होने के कारण हताशा का अनुभव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण में क्लेश की मात्रा अधिक हो सकती है।

धनुः- आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। कार्य सिद्धि और लक्ष्मी प्राप्ति दोनों की आज प्राप्ति होगी। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे, इसलिए प्रत्येक कार्य करने में आपको उत्साह रहेगा।

मकरः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। वाणी और क्रोध पर संयम रखें अन्यथा हानि हो सकती है। मन में कुछ परेशानी हो सकती है।

कुंभः- आज का दिन लाभप्रद रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मध्याह्न के बाद घर का वातावरण कुछ खराब हो सकता है।

मीनः- आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। किसी परोपकार का कार्य आपके द्वारा होगा। व्यापार में उचित आयोजन के द्वारा व्यापार-वृद्धि कर सकेंगे।

## काठी रोल रेसिपी...



काठी रोल बनाना बहुत ही आसान है। इसे आप सुबह हो या शाम, नाश्ते में एन्जॉय कर सकते हैं तो आइए जानते हैं इसे बनाने की विधि के बारे में।

### सामग्री :-

1/2 टी स्पून कॉर्न फ्लोर, 1/2 टी स्पून मक्खन, 1 प्याज़, 2 शिमला मिर्च, 1 टमाटर के टुकड़े, 200 ग्राम चीज़, 1 टी स्पून लाल मिर्च, 1 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून धनिया, 1/2 टी स्पून गरम मसाला, 1/2 टी स्पून अदरक का पेस्ट, 1 टी स्पून बारीक कटी हरी मिर्च, 2 टी स्पून तेल, स्वादानुसार नमक

### विधि :-


काठी रोल बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मैदा डाले साथ ही उसमे कॉर्न फ्लौर, सोडा, नमक, मक्खन और थोड़ा पानी डाले। इस मिश्रण को अच्छी तरह से गूथ लें।

आटे को ढक कर थोड़ी देर सेट होने के लिए रख दें। एक कढ़ाई ले उसमे तेल गरम कर लें इसमें प्याज़ डालकर भूनें गोल्डेन ब्राउन होने तक।इसके बाद इसमें टमाटर डाल दें। अब गरम मसाला, हल्दी, लाल मिर्च, धनिया डालकर मिलाएं। इसके बाद शिमला मिर्च, चीज़, अदरक का पेस्ट, नमक, हरी मिर्च आदि डाले और अच्छे से मिक्स कर लें। अब गूंथे हुए आटे को लें उसका गोल पेड़ा बनाएं और रोटी की तरह बेल लें। और उसे तवे पर घी लगाकर सेक लें। जब यह सिक जाए तब इसमें बनाया हुआ मिश्रण भरे और फोल्ड करे। इसके टुकड़े काट लें या चाहे तो ऐसे भी रख सकते है। आपका स्वादिष्ट काठी रोल तैयार है।

## शब्द सामर्थ्य-95

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | मं | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू-95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |